वर्ष 3 अंक 119
पृष्ठ 14
धनबाद, शनिवार
2 नवंबर 2013
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण



हद लांघ गई अमेरिकी जासूसी : केरी - 14
गेंदबाजों के खिलाफ है नया नियम : कोहली - 12

www.jagran.com
पश्चिम बंगाल • झारखंड • बिहार • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • मध्य प्रदेश • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



## पटाखों के विरोध में जागरुकता जुलूस

आसनसोल : आतिशबाजी और पटाखों के दुष्प्रभाव को देखते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को जागरुकता जुलूस निकाला। जुलूस बीएनआर से प्रारंभ होकर कोर्ट मोड़ के बाद सिटी बस स्टैंड पर समाप्त हुआ। जुलूस का उद्देश्य आतिशबाजी और पटाखों के विनाशकारी प्रभावों की ओर समाज के लोगों का ध्यान दिलाना है। जुलूस विद्यालय की उप प्रधानाध्यापिका विदिशा चटर्जी की देखरेख में निकाला गया। जुलूस में चतुर्थ श्रेणी से सप्तम श्रेणी तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों ने भाग लिया। जुलूस में विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण का संदेश लिखी तख्ती लिए थे।